हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

11 हकेंवि में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग




12 किसानों की 2.60 लाख सरसों के बैग एमएसपी पर खरीदे, 5 हजार टोकन पेंडिंग



MR SCHOOL Affiliated to CBSE
MITTERPURA | ATELI
A Name of Dedication, Hardwork and Sincerity
॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
कोटा की FACULTY अब MR SCHOOL ATELI में
JEE / NEET COACHING with SARTHI KOTA
ADMISSION OPEN Session 2024-25
अब MR में ही डॉक्टर्स और इंजीनियर्स बनाने की होगी तैयारी
SAMBHAV CLASSES
VI to X Foundation Classes | XI to XII JEE / NEET
Special Coaching for CLAT / NDA CA-CPT OLYMPIAD
MITTERPURA, NARNAUL (HRY) 9466945658, 9416903367 mrps530543@gmail.com www.mrpublicschool.com
NARNAUL ROAD, ATELI MANDI 8278085868, 9416903367 mrpsateli@gmail.com www.mrpsateli.in

जिले के कई सरकारी स्कूलों में ऑटो से जा रहे विद्यार्थी

# प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा सही तो फिर सरकारी स्कूलों पर अधिकारी मेहरबान क्यूं?

## जिले में प्राइवेट स्कूलों की तीन हजार से अधिक बसें, आरटीओ कार्यालय के रिकार्ड में एक हजार से भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कनीना स्कूली बस हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। निरंतर सख्ताई की जा रही है और प्राईवेट स्कूल के वाहनों को खामियों के चलते इंपाउंड व चालान काटे जा रहे है। स्कूल संचालकों ने संवेदना प्रकट करते हुए खामियां छिपाने के लिए एक से तीन दिन का अवकाश तक कर दिया गया। जिला में आज भी ऐसे कई स्कूल है जिन्होंने अभी तक अवकाश घोषित किया हुआ है। प्राईवेट स्कूलों पर कसे गए शिकंजे से अभिभावकों ने सुरक्षा की दृष्टि से कुछ राहत की सांस ली है। इसी बीच ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसमें खुद शिक्षा विभाग कटघरे में आता दिखाई दे रहा है। सरकारी स्कूलों से विद्यार्थी ऑटो में बैठकर आवागमन कर रहे है। इसके पीछे यह सरकारी स्कूल संस्थान शामिल है या नहीं, यह तो फिलहाल जांच का विषय है। बरहाल, यह कहा जा सकता है कि प्राईवेट स्कूलों पर शिकंजा कसना ठीक है, पर सरकारी स्कूलों पर शिक्षा विभाग या प्रशासन मेहरबान क्यूं है? यह सवाल अब खड़ा हो गया है।

जानकारी के मुताबिक महेंद्रगढ़ जिला में आरएटीए रिकॉर्ड की बात करें तो स्कूल वाहन 1000 से भी कम रजिस्टर्ड है। जबकि हकीकत यह है कि जिला में 3000 से अधिक स्कूली वाहन सड़कों पर दौड़ रहे है। कनीना में स्कूल बस हादसे के बाद जब प्रशासन से सख्ती भरा डंडा चला तो ऐसे बिना रजिस्टर्ड वाले स्कूल वाहन गायब हो गए। सूत्र बताते है कि ऐसे कंडम वाहनों को स्कूल संचालकों ने पड़ोसी राज्य राजस्थान में अपने परिचितों की निगरानी में भेज दिया गया है। जो कंडम नहीं है और पासिंग, इंश्योरेंश, सीसीटीवी कैमरा या अन्य खामियां है, उन्हें दुरूरुत करने में स्कूल प्रशासन जुटे हुए है। इसी बीच प्रशासन की सख्ताई के बीच सोमवार नारनौल व नांगल चौधरी ब्लाक से जुड़े प्राईवेट स्कूल संचालकों की बैठक उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने पंचायत भवन में ली। स्कूल संचालकों का पक्ष सुनने के बाद उन्हें दो दिन ही राहत दी। इसी बैठक में एबीएम स्कूल के संचालक नीरज गौतम ने उपायुक्त के समक्ष मुद्दा उठाया था कि प्राईवेट स्कूल के वाहनों में कुछ खामियां है, उन्हें हम दूर करने में जुटे है पर सरकारी स्कूलों में खुलेआम ऑटो से विद्यार्थी आवागमन कर रहे है, उन पर कार्रवाई नहीं हो रही। यह कार्रवाई सिर्फ प्राईवेट स्कूल पर ही क्यूं हो रही है, क्या सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी किसी के बच्चे नहीं है। वहां कोई अप्रिय घटना हो गई तो जिम्मेवारी किसकी बनेगी, यह भी तयह हो। इस सवाल को सही ठहराते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त को ऐसे सरकारी स्कूल के मुखियों से भी एफिडेविट लेने के निर्देश दिए थे।





नारनौल। पीएमश्री मॉडल संस्कृति स्कूल के बाहर ऑटो में बैठते विद्यार्थी व पीएमश्री मॉडल संस्कृति स्कूल के विद्यार्थी ऑटो में बैठकर जाते हुए।

### शिक्षकों के सामने ऑटो में जा रहे विद्यार्थी

हरिभूमि टीम ने मंगलवार दोपहर छुट्टी के दौरान कुछ सरकारी स्कूलों का दौरा किया। जब टीम पीएमश्री राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर पहुंची तो वहां पहले से चार से पांच ऑटो खड़े हुए मिले। दोपहर ढ़ाई बजे जैसे ही छुट्टी हुई, तय व निर्धारित विद्यार्थी ऑटो में बैठ गए। नियमानुसार सीट से अधिक विद्यार्थी ऑटो में बैठते दिखाई दिए। ऐसा भी नहीं था, स्कूल प्रशासन इन बात से अनजान हो। इस स्कूल के अध्यापकों की मौजूदगी में ऑटो में विद्यार्थी बैठकर गए। यहीं हाल, महेंद्रगढ़ शहर में कोर्ट के पास पीएमश्री स्कूल में दिखाई दिया। ऑटो में सवार होकर विद्यार्थी गए।

## खबर संक्षेप

### गांव बलायचा में रामनवमी मेला आज

**महेंद्रगढ़।** रामनवमी अवसर पर गांव बलायचा में बाबा ब्रह्मचारी आश्रम पर परंपरागत मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिता में लोंग जम्प, हाई जम्प व दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी। समिति के प्रवक्ता जुगल किशोर व अध्यक्ष मास्टर राजेंद्र शर्मा ने यह जानकारी दी।

### ट्राला-रोडवेज बस में टक्कर होते बची

**कनीना।** कनीना में भारी वाहन के बेरोकटोक चलने से सडक हादसों की संभावना बढ़ रही है। मंगलवार को दोपहर 12 बजे कनीना से दादरी जा रही रोडवेज की बस व ट्राले की भिडंत होते बाल-बाल बच गई। ट्राला चालक बिल्डिंग मैटीरियल लेकर महेंद्रगढ़ से कनीना व बस यात्रियों को लेकर कनीना बस स्टैंड से दादरी की ओर जा रही थी। एसडीएम कार्यालय के समीप पहुंचे तो ट्राला चालक के साइड दबाने से यह स्थिति बनी।

### बहन की शादी का कार्ड देने जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत

**कनीना।** बहन की शादी का कार्ड देने जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत होने से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। गांव सिगड़ा निवासी कपिल शर्मा ने बताया कि 17 अप्रैल को उसकी भतीजी की शादी है। वह अपने भतीजे सचिन के साथ बाइक पर सवार होकर शादी के कार्ड देने जा रहे थे। सोमवार रात करीब आठ बजे कोका-रसूलपुर चौक के पास एक ट्रैक्टर चालक ने ट्रॉली से साइड मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रैक्टर सहित अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कपिल की शिकायत पर हादसे के आरोपित ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

डीसी ने स्कूल मैनेजमेंट की बैठक के दौरान शनिवार व रविवार जारी किए आदेश

# नई अनाज मंडी में होगी स्कूल बसों का फिटनेस जांच

स्कूल बस हादसे के बाद फिटनेस पर सवाल उठे तो जागा सिस्टम, स्कूल संचालकों को अभिभावकों व बच्चों से चालकों का फीडबैक लेने के निर्देश









महेंद्रगढ़। स्कूल मैनेजमेंट की बैठक लेती डीसी व नारनौल की नई मंडी में पासिंग के लिए खड़ी बसें व अन्य वाहन और वाहन पासिंग करने के लिए मौके पर मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूजः महेंद्रगढ़

जिला महेंद्रगढ़ के सभी निजी स्कूलों की बसों की फिटनेस का कार्य इस बार शनिवार व रविवार को नई अनाज मंडी नारनौल में किया जाएगा। अगर कोई भी स्कूल संचालक अनफिट बस से बच्चों को ले जाता है अथवा उसके पास कागजात पूरे नहीं है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के अधिकारी सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लागू करवाने के लिए लगातार कार्रवाई करेंगे। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता महिला राजकीय कॉलेज में निजी स्कूलों के संचालकों व प्रबंधकों की बैठक में बोल रही थी।

डीसी ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने में निजी शिक्षण संस्थाओं का बहुत बड़ा रोल रहा है। ऐसे में निजी संस्थाओं के संचालकों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होती है। भविष्य में कोई भी हादसा न हो यह सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी स्कूलों में ट्रांसपोर्ट इंचार्ज को बसों की जिम्मेदारी दी जाए, ताकि समय पर सभी कागजात पूरे हों। उन्होंने कहा कि वे चालक के संबंध में बच्चों व अभिभावकों से भी फीडबैक लें। स्कूल संचालकों की मांग पर डीसी ने उपमंडल स्तर पर भी फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिलाने का आश्वासन दिया। डीसी ने बताया कि एनसीआर में कोई भी बस दस साल के बाद नहीं चलेगी। बसों में अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी, जीपीएस, स्पीड गवर्नर तथा अन्य सभी 25 बिंदुओं का काम पूरा होने के बाद ही बसें चल सकती हैं। आमजन से आह्वान किया कि वे अपने स्तर पर वाहन के माध्यम से स्कूलो में भेजें तो सुनिश्चित करें कि वह वाहन सुरक्षित हो। बच्चों की जान से अधिक कुछ भी नहीं होता। ऐसा कोई रिस्क ना लें जिससे बच्चों की जान को खतरा हो। स्कूल संचालकों ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की शत प्रतिशत अनुपालना होगी। इस मौके पर एसडीएम संजीव कुमार, डीईओ सुनील दत्त यादव, डीईईओ संतोष चौहान, डीएसपी मोहम्मद जमाल, बीडीपीओ स्वाति अग्रवाल, बीईओ अलका लांबा इत्यादि मौजूद रहे।

### फिटनेस दस्तावेज जमा नहीं करवाने से प्रशासन सख्त, एसडीएम ने स्कूल संचालकों को दिए नोटिस

**नांगल चौधरी।** निजी स्कूल संचालकों की लापरवाही पर विभाग ढिलाई बरतने के मुंड में नहीं। ब्लॉक की चार स्कूल संचालकों की ओर से बसों की फिटनेस संबंधी दस्तावेज जमा नहीं करवाने पर प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है। मंगलवार को चार स्कूलों को शोकाज नोटिस थमाकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अन्यथा विभाग की ओर से मान्यता रद्द करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्हाणी के पास स्कूल बस हादसा होने के बाद सरकार ने निजी स्कूलों की अनियमिताओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव के निर्देशानुसार उपायुक्त ने नांगल चौधरी में एसडीएम मयंक भारद्वाज की अगुवाई में टीम का गठन किया है। टीम ने 13 अप्रैल को नांगल चौधरी, भोजावास, मूलोदी गांव में निजी स्कूलों की बसों के कागज चेक किए। इस दौरान कई बसों की फिटनेस सर्टीफिकेट, इंश्योरेंस, चालक-परिचालक लाइसेंस, स्पीड गवर्नर व अन्य मापदंडों का आंकलन किया। चेकिंग के दौरान बसों में भारी अनियमिताएं मिली, जिन्हें दुरुस्त करने के लिए एसडीएम ने नोटिस देकर दो दिन में सभी कमियों को दुरुस्त करवाने की हिदायत दी थी, लेकिन स्कूल संचालकों ने निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद विभागीय कार्यालय में कंप्लीकेशन दस्तावेज जमा नहीं करवाए। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम मयंक भारद्वाज ने बीईओ सुनीता यादव को संबंधित चारों स्कूलों को शोकाज नोटिस भेजने के आदेश दिए हैं। प्रशासनिक आदेशानुसार बीईओ ने चारों स्कूलों को नोटिस भेज दिए हैं। इसके अलावा शहर की एक स्कूल की चेकिंग करवाने के लिए संचालक को पत्र जारी किया था, लेकिन उन्होंने चेकिंग वाले दिन स्कूल ही नहीं खोली, जिससे साबित होता है कि स्कूल व बसों के मापदंडों में अनियमिताएं संभव हैं।

**मापदंड पूरी नहीं करने वाले स्कूल संचालकों स्पष्टीकरण मांगा**

बीईओ सुनीता यादव ने बताया कि एसडीएम मयंक भारद्वाज की अगुवाई में 13 अप्रैल को निजी बसों की चेकिंग में चार स्कूलों की बसों में कई कमियां मिली थी। संचालकों को नोटिस देकर दो दिन में कमियां दूर करने के निर्देश दिए थे, लेकिन विभाग को अभी तक कोई जानकारी नहीं दी। अब स्कूलों को कारण बताओ नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### जीएल स्कूल में दूसरे दिन भी नहीं पहुंचे विद्यार्थी

**कनीना।** जीएल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को दूसरे दिन भी ट्रांसपोर्ट सुविधा नहीं होने के चलते कोई भी विद्यार्थी स्कूल में नहीं आया। स्कूल में टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टॉफ सहित प्रशासक डीटीपी महावीर प्रसाद उपस्थित रहे। गांव ही नहीं बल्कि कनीना शहर के अभिभावक भी अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। कुछ अभिभावकों में हादसे से भय बना हुआ, तो कुछ बसों के अभाव में स्कूल से किनारा कर रहे हैं। स्कूल प्रशासक महावीर प्रसाद ने बताया कि स्टॉफ ने अभिभावक बच्चों को स्कूल में भेजने को तैयार हैं, परंतु परिवहन व्यवस्था न होने से आ नहीं पा रहे। स्कूल में 750 विद्यार्थियों का पंजीकरण है। कुछ अभिभावकों की ओर से फीस भी अदा नहीं की गई है। वाहनों की फिटनेस नहीं होने के चलते वे ब्रेकडाउन हैं तथा प्रशासन की निगरानी में है। अभिभावक अपने स्तर पर परिवहन व्यवस्था करने पर विचार कर रहे हैं। नए सत्र की शुरूआत हुई है। ऐसे में विद्यार्थियों पर पढ़ाई का लोड कम है, कुछ दिन स्कूल नहीं जाएंगे तो भी अधिक फर्क नहीं पड़ने वाला है। विद्यार्थी घर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने स्कूल की सभी किताबें खरीदी हुई है।

**डीटीओ नारनौल से जारी था लाइसेंस**

स्कूल बस हादसे के मुख्य आरोपित बस चालक धर्मेंद्र निवासी सेहलंग ने पुलिस पूछताछ में कहा कि उसके पास नारनौल अथॉरिटी से जारी हल्के व भारी वाहन का लाइसेंस था। जिसे लाइसेंस अथॉरिटी से रद्द करने की अनुशंसा की है।

### स्कूल बसों के फिटनेस कैंप में पहले दिन 69 वाहनों में 53 बसें

राजकुमारः नारनौल

वाहन पासिंग का जिम्मा संभाल रहे सड़क परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) नारनौल के पास मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर ही नहीं है। जिस कारण उधार के एमवीआई से काम चलाना पड़ रहा है। वाहनों की पासिंग से संबंधित नियमों का पालन चेक करना/कराना भी एमवीआई का ही दायित्व होता है, लेकिन पद रिक्त होने से दोनों ही काम प्रभावित हो रहे हैं। दूसरी ओर उन्हाणी के स्कूल बस पलटने से दर्दनाक हादसे में आधा दर्जन बच्चों की मौत होने एवं करीब दो दर्जन बच्चों के घायल होने पर प्राइवेट स्कूल वाले स्कूल बसों की फिटनेस को लेकर चिंतित दिखाई देते हैं। इस चिंता का ही परिणाम है कि मंगलवार को कुल 69 वाहनों की पासिंग की गई, जिनमें 53 स्कूल बसें शामिल थी। यहां बता दें कि मंगलवार से फिटनेस सर्टिफिकेट देने के लिए आरटीए द्वारा विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। इस महीने चार दिन विशेष कैंप लगेंगे, जिसकी तिथियां निश्चित हो चुकी हैं।

सोमवार को ही उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने पंचायत भवन में नारनौल एवं नांगल चौधरी उपमंडल के स्कूल संचालकों की मीटिंग ली, जिसमें स्कूल वालों ने प्रशासन से कुछ समय मांगा था। डीसी ने भी उन्हें हिदायत दी थी कि वे दो दिन के अंदर सुरक्षित वाहन पॉलिसी लागू करें अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जब मंगलवार हुआ तो स्कूल वाले अपनी-अपनी बसें लेकर नांगल चौधरी रोड स्थित नई अनाज मंडी में पहुंच गए, जहां अन्य वाहनों की तुलना में प्राइवेट स्कूल बसें अधिक दिखाई दी। मौके पर आरटीए से ट्रांसपोर्ट सब इंस्पेक्टर सज्जन कुमार मौजूद थे। उनके साथ रोडवेज के मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) कंवर सिंह, संदीप कांस्टेबल एवं कैमरामैन राकेश कुमार मौजूद थे।

#### इन तिथियों को लगेंगे विशेष कैंप

यह विशेष कैंप 16 अप्रैल, 17 अप्रैल, 21 अप्रैल तथा 27 व 28 अप्रैल को लगाए जाने हैं। प्रातः नौ बजे नई अनाज मंडी में यह कैंप निर्धारित तिथियों को लगाए जाएंगे, जिन्हें वाहन फिटनेस सर्टिफिकेट की आवश्यकता है, वह इसमें अपने वाहन लेकर आ सकते हैं।

#### यह कहते हैं अधिकारी

टीएसआई सज्जन कुमार ने बताया फिटनेस सर्टीफिकेट के लिए इस माह विशेष कैंप लगाए जाने हैं। स्कूल बस फिटनेस सर्टिफिकेट में वाहन की बॉडी, जीपीएस, स्पीड गवर्नर, कैमरे, प्राथमिक उपचार बॉक्स, इंश्योरेंस, इंडीकेटर, हॉर्न, नंबर प्लेट, लाइटें आदि विशेष रूप से चेक किए जाते हैं। सुरक्षित वाहन पॉलिसी के सभी 25 नियम फॉलो करने हैं। जिस वाहन में यह सभी उपलब्ध होते हैं, उन्हें सर्टिफिकेट दे दिया जाता है। विशेष कैंप में उक्त तिथियों को भाग लिया जा सकता है।

### सरकारी आदेश को फिर प्राईवेट स्कूल संचालकों ने दिखाया ठेंगा

कनीना। हाल ही में उन्हाणी के समीप हुए जीएल पब्लिक स्कूल बस हादसे के बाद शासन-प्रशासन कडे तेवर अपना रहा है। वहीं प्राईवेट स्कूल संचालक अभी भी सबक नहीं ले रहे हैं। सरकार व प्रशासन की सख्ती के बावजूद शिक्षा विभाग के आदेश नजर अंदाज किए जा रहे हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय शिक्षा सदन पंचकूला की ओर से 15 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी व मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर स्कूल के समय में बदलाव कर 10 बजे से दोपहर ढ़ाई बजे तक करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद प्राइवेट स्कूलों की बसें रोजमर्रा की भांति साढ़े सात बजे से ही सड़कों पर दौड़ पड़ी। सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाकर विभिन्न गांवों से विद्यार्थियों को लेकर स्कूलों में छोड़ने का क्रम जारी हो गया। जिसे लगता है कि सरकार व शिक्षा विभाग के आदेश प्राईवेट स्कूल संचालकों के सामने बौने साबित हो रहे हैं। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि उनकी ओर से सुबह 10 बजे कनीना-अटेली की ओर निरीक्षण किया गया। जिन्होंने बाद में एसडीएम की ओर से आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। उनकी ओर से किसी भी स्कूल को इस बारे में नोटिस जारी नहीं किया गया है। उनकी नॉलेज में सरकारी आदेशों को दरकिनार कर समय से पूर्व स्कूल खोलने का मामला सामने नहीं आया। संज्ञान में आने के बाद कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

दीपांशु 119, सिमरन 218, दीपक 518, डा. विनय को 871वीं रैंक

# जिले के चार होनहार यूपीएससी में क्वालीफाई

नारनौल/मंडी अटेली/महेंद्रगढ़

यूपीएससी की ओर से मंगलवार परिणाम घोषित कर दिया गया। इसमें महेंद्रगढ़ जिला के चार युवाओं ने कामयाबी हासिल की है। जिनमें नारनौल शहर से दीपांशु ने 119वीं रैंक व महेंद्रगढ़ के पास गांव जाटवास वासी सिमरन सिंह सिवाच ने 218वीं रैंक पाई है। वहीं अटेली क्षेत्र के दो युवाओं ने कामयाबी हासिल की है। इनमें अटेली के पास गांव सैदपुर वासी दीपक ने 518वीं रैंक और गांव बजाड़ के डा. विनय ने 871वीं रैंक हासिल की है।



नारनौल शहर के मौहल्ला चांदूवाड़ा निवासी दीपांशु पुत्र स्वर्गीय प्रवीण कुमार ने ऑल इंडिया में 119वी रैंक हासिल किया है। उनकी मां ऊषा गुप्ता सरकारी स्कूल में क्लर्क हैं। 10वी और 12वी नारनौल यदुवंशी स्कूल से कर रुड़की से आईआईटी की डिग्री प्राप्त कर इसरो केरल में कार्यरत रहे। नौकरी छोड़कर सेल्फ स्टडी के माध्यम से यूपीएससी की तैयारी कर अपने द्वितीय प्रयास में आज आईपीएस अधिकारी के रूप चयनित



जिले के गांव सैदपुर निवासी दीपक ने 518 रैंक प्राप्त किया है। दीपक के पिता आर्मी से सेवानिवृत्ति के बाद इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत है, जबकि दीपक के दादा कान्हा राम भी आर्मी में कैप्टन पद से सेवानिवृत हुए है। इस उपलब्धि पर गांव सैदपुर के सरपंच विकास यादव, साहित्यकार रोहित यादव, लालचंद मास्टर, समाज सेवी ओमप्रकाश इंजीनियर, महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रवीण कुमार आदि ने बधाई दी है।



गांव बजाड़ के डॉ. विनय ने 871 रैंक हासिल किया। डॉ. विनय कुमार के पिता इंद्राज सिंह अटेली अस्पताल में कार्यरत हैं। डा. विनय ने प्रथम प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास की। बड़े भाई फतेहाबाद में डॉक्टर हैं। डॉ. विनय की प्राईमरी शिक्षा बजाड़ गांव के सरकारी स्कूल में हुई। चंडीगढ़ पीजीआई से एमबीबीएस करने के बाद सिविल सर्विस परीक्षा पास की। अगांवके सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र यादव, रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. शिवताज सिंह, डॉ. जगबीर सिंह, बाबू बनवारी लाल, मास्टर सुंदरलाल, देवकी गिरदावर, डॉ. मनोज कुमार व धर्मपाल ने बधाई दी

गांव जाटवास की बेटी सिमरन सिवाच ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में 218वी रैंक प्राप्त की। उन्होंने पढ़ाई बेंगलुरु और दिल्ली में पूरी की।



उनके दादा होशियार सिंह का सपना था कि वह आईपीएस अधिकारी बने। रोजाना 7 से 8 घंटे पढ़ाई की थी। उसने लक्ष्य को साध कर कड़ी मेहनत की जिसका नतीजा है कि आज उसने यूपीएससी में 218 वां रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है । सिमरन का छोटा भाई आदित्य बीकॉम की पढ़ाई कर रहा है व पिता दुष्यंत सिंह सिवाच पब्लिक प्रॉसेक्यूटर तथा माता पुष्पा सिवाच चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्या है। दादा डीडीपीओ से सेवानिवृत्ति है

### लोकसभा चुनावः जिले में 1298 के पास लाइसेंस 256 ने अभी तक जमा नहीं करवाएं हथियार

**नारनौल।** लोकसभा चुनाव के मदेनजर जिले के लाइसेंसी हथियार जमा करवाने के संबंध में जिलाधीश की ओर से गठित की गई स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई। इस कमेटी में उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय, डीआरओ, उप अधीक्षक कार्यालय उपायुक्त, सुरक्षा शाखा इंचार्ज व पीएलए कार्यालय उपायुक्त शामिल है। कमेटी के सदस्यों ने मंगलवार को डीएसपी मुख्यालय हरदीप सिंह के कार्यालय में बैठक की। जिसमें जिले के लाइसेंसी धारक असला जमा करवाने के संबंध में चर्चा की गई। जिले में हथियार के लिए 1298 लाइसेंस जारी किए हुए हैं। जिनमें से 256 ऐसे लाइसेंस धारक हैं, जिन्होंने हथियार नहीं लिया है। कमेटी की ओर से अपील की गई है कि जिन व्यक्तियों ने अपने लाइसेंस पर हथियार खरीदा है। सुमित कुमार ने बताया कि हथियार जमा करवाने के संबंध में सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए हुए हैं। जिनके चलते अब तक जिले में 715 हथियार जमा हो चुके हैं। डीआरओ सुशील शर्मा, उप अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, पीएलए बाबूलाल, एसआईएस एएसआई नवीन कुमार मौजूद रहे। लोस चुनाव को लेकर जिले के लाइसेंसी हथियार सबंधित थाने में जमा करवाने होंगे।



# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style

# यामी

## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।



हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन



**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

## ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।



## फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक

# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*मुंबई। बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं।



सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।

### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।





### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात करते डॉ. सूरज आर्य।

### हकेंवि के शिक्षक के शोध को मिला पेटेंट

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सूरज आर्य को अल्ट्रासोनिक सेंसर आधारित चार-पहिया स्वचालित संकेतक ब्लिंकिंग सिस्टम प्रणाली विकसित करने के लिए भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पेटेंट मिलने पर डॉ. सूरज आर्य को बधाई दी।

### प्रश्नोत्तरी में वसुंधरा और पूनम व कल्पना विजेता

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा भौगोलिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर टीम कावेरी रही, जिसमें पूनम, कल्पना तथा वसुंधरा छात्राएं थी। रेनू, ललिता तथा ममता की गंगा टीम द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान पर ब्रह्मपुत्र टीम रही, जिसमें फाल्गुनी दिव्या तथा खुशबू शामिल थी। दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं ने भी कई प्रश्नों के जवाब दिया।

### टाईगर क्लब की ओर से माता की चौकी आयोजित

**नारनौल।** टाईगर क्लब के तत्वावधान में सोमवार रात को रमेश मंगल के निवास स्थान निजामपुर रोड नांगल चौधरी में माता की चौकी का आयोजन किया गया। यजमान रमेश मंगल व उनकी पत्नी थे। कार्यक्रम पुरोहित पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाईगर क्लब के प्रधान राकेश यादव, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से की।

### माता की उपासना से होता नई शक्ति का संचार

**नारनौल।** भारत विकास परिषद की महिला शाखा की ओर से नवरात्रों में कीर्तन की श्रृंखला में पूर्व महिला संयोजिका रवीना सोनी के निवास स्थान पर माता का गुणगान किया गया। महिला शाखा की पूर्व संयोजिका व भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव रविना सोनी ने बताया कि इस कड़ी में रेवाड़ी रोड़ स्थित कैलाश नगर गली नंबर 11 में स्थित उनके निवास स्थान पर कीर्तन हुआ।

### अटेली में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली के गृह विज्ञान विभाग एवं फाइन आर्ट क्लब द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें पेंटिंग तकनीक के बारे में सीखाना था। प्राचार्य डॉ. प्रवीण व प्रो. प्रियंका ने पहले दिन छात्राओं को टाई, फैब्रिक पेंटिंग ब्लॉक प्रिंटिंग इत्यादि के बारे में सिखाया तथा दूसरे दिन ग्लास पेंटिंग व क्ले मॉडलिंग के तरीके बताए।

### दादी की स्मृति में स्कूल में वाटर कूलर किया दान

**महेंद्रगढ़।** शहर निवासी मनीष कुमार गोयल ने अपने दादी स्वर्गीय गीता देवी की पुण्य स्मृति में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में वाटर कूलर दान किया हैं। विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. योगेंद्र यादव ने दानदाताओं का आभार प्रकट किया हैं। इससे दूसरे लोगों को इस प्रकार के विद्या के मंदिर में दान करने के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि विद्या का दान सबसे बड़ा दान है।

### गोशाला में किया हवन का आयोजन

**कनीना।** स्कूल बस हादसे में मारे गए छह विद्यार्थियों की आत्मिक शांति के लिए महंत लक्ष्मणगिरी गौशाला बूचावास में शांति हवन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महंत विठ्ठलगिरी ने की। हवन में दूर दराज से आए लोगों ने हिस्सा लिया।

# आज नवरात्रि व्रत का करें पारण व मनाए भगवान श्रीराम का जन्मोत्सवः राहुल भारद्वाज

- नवरात्रि व्रत का करें उद्यापन, पुष्पार्पित कर माता को करें प्रशन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आज चैत्र नवरात्रि का अंतिम दिन है। नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। इनकी पूजा उपासना करने से समस्त प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। नवमी के दिन अगर केवल इन्हीं की पूजा कर ली जाए तो व्यक्ति को संपूर्ण देवियों की पूजा का फल मिल सकता है। इस दिन कमल के पुष्प पर बैठी हुई देवी का ध्यान करना चाहिए। देवी को विभिन्न प्रकार के सुगधिंत पुष्प अर्पित करने चाहिए। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि आज माता के नवरात्रि व्रत का पारण उद्यापन किया जाएगा। इस दिन विशेष रूप से कन्याओं का पूजन करे और नौ कन्याओं को व लड़का (बटुक भैरव) भोजन कराना चाहिए। इस दिन माता को हलवा, पूड़ी, काले चने, फल, खीर और नारियल का भोग लगाया जाता है व प्रसाद के रूप में बांटा जाता है तथा माता दुर्गा का हवन कराए। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि मां सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। इन्ही देवी की कृपा से भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। यह देवी मां लक्ष्मी के समान कमल के आसन पर विराजमान है। जिनकी चार भुजाएं हैं। इनका वाहन सिंह है। दाहिने और नीचे वाले हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा, बाई ओर से नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। भगवती के इस स्वरूप की ही हम नवरात्र के अंतिम दिन आराधना करते हैं। मां दुर्गा के इस रूप को शतावरी और नारायणी भी कहा जाता। उन्होंने बताया कि इस दिन दुर्गा सप्तशती और कवच, कीलक और अर्गला स्तोत्र का पाठ लाभकारी होता है।

### आज ही के दिन हुआ था भगवान श्रीराम का जन्म


ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज।

भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष आज के दिन 17 अप्रैल बुधवार को ये त्योहार मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन रामचरित मानस, राम रक्षा स्तोत्र का पाठ और हनुमान चालीसा, सुंदरकांड के पाठ करना चाहिए। इस दिन इनके पाठ को करने से ना सिर्फ अक्षय पुण्य मिलता है बल्कि धन संपदा के निरंतर बढ़ने के योग जाग्रत होते हैं।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उठाई मांग

# हरियाणा केंद्रीय विवि में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के सदस्यों ने मंगलवार को परशुराम भवन में पत्रकार वार्ता कर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने व विद्यार्थियों को न्याय दिलाने की मांग की हैं। अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुमारी तृप्ति सैनी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह संगठन अपने स्थापना काल से ही छात्र हितों के साथ-साथ समाज हित के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। छात्र हितों की सभी मांगों को विद्यार्थी परिषद् ने प्रमुखता से उठाया है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में नौ अप्रैल की रात्रि समय करीब 08:45 के आसपास परिसर के अंदर कुछ बाहरी एवं असामाजिक तत्वों द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट और बदसलूकी की गई थी। मारपीट करने वालों में से एक तत्व को विद्यार्थियों द्वारा वहां पकड़ लिया गया था। जब यह पूरा घटनाक्रम चल रहा था, तब वहां न तो सिक्योरिटी ऑफिसर ने कुछ किया और न ही छात्रावास की वार्डन ने। जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पुलिस बुलाई गई और पुलिस द्वारा विद्यार्थियों के साथ मारपीट की गई और हथियार लोड करके धमकी भी दी गई। जब अगले दिन विद्यार्थी अपनी सुरक्षा के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में अपने हक के लिए शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, तब विद्यार्थियों को ब्लॉक तीन के लॉ डिपार्टमेंट के कुछ छात्रों ने गेट पर ही रोक दिया और उनके साथ धक्का-मुक्की शुरू की और लड़कियों के साथ बहुत बदसलूकी और मारपीट करने लगे। प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को ब्लॉक से बाहर धकेल दिया गया और सभी विद्यार्थियों को धमकियां दी गई। इतना सब होने के बाद विद्यार्थियों ने ब्लॉक तीन के बाहर धरना प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय कुलपति से न्याय की मांग की गई। उन्होंने बताया कि एक छात्रा के पेट पर लात मारी गई और जो छात्रा बचाव में गई उन छात्राओं के बाल खींचकर उनको पीटा गया।



महेंद्रगढ़। परशुराम भवन में पत्रकार वार्ता करती तृप्ति सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष रक्षित शर्मा ने कहा कि ऐसी घटना विश्वविद्यालय परिसर में कोई पहली बार नहीं हुई हैं, ऐसी घटनाएं आए दिन बढ़ती जा रही हैं, जिसका मूल कारण विश्वविद्यालय की कमजोर और चरमराती सुरक्षा व्यवस्था हैं। अगर अब भी ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए तो विद्यार्थियों का भरोसा विश्वविद्यालय प्रशासन से उठ जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में नौ अप्रैल को हुए घटनाक्रम में अभाविप के आंदोलन के फलस्वरूप एफआईआर तो हुई हैं। अभाविप द्वारा दो दिवस से हस्ताक्षर अभियान भी चला रही हैं। परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ अभी तक किसी भी प्रकार की पहल देखने मे नही आ रही है। दोषी आज भी विश्वविद्यालय में घूम रहे। शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे, कार्यकर्ताओं को लगातार धमकी दी जा रही हैं, अगर उनके साथ कुछ भी होता हैं तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। अभाविप विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों से मांग करती है कि इस पूरे घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई करे, अन्यथा अभाविप बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय में जो घटनाक्रम हुआ, उसमें संलिप्त आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई उपाध्यक्ष संदीप कुमार, तृप्ति सैनी, सोनाली, अखिलेश मीणा, विशान कुशवाह, अभिषेक मीणा, प्रिंस कुमार, प्रशांत कुमार सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।


नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# बीपीएस स्कूल में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- दो स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में 142 बच्चों ने लिया भाग

बीपीएस स्कूल में बाल मन में पशु-पक्षियों एवं जानवरों के प्रति आदर-सम्मान व संवेदना विकसित करने के लिए कक्षा तीसरी से आठवी तक माई पैट, माई प्राइड भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों स्तर पर 142 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता विंग कॉर्डिनेटर्स सुप्रिया दीक्षित व रेणु जैन के सफल निर्देशन में सम्पन्न हुई। निर्णायक की भूमिका मंजीत कौर, रूपिंद्र कौर व निर्मल सैनी ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सहसचिव डा. कर्ण चौधरी ने बच्चों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी में नक्ष प्रथम, मेहुल द्वितीय व रूद्र तृतीय, कक्षा तीसरी में कनक प्रथम, उदयराज द्वितीय व खुशी तृतीय, कक्षा चौथी में आर्यन प्रथम, रूफुस द्वितीय व दिव्यांका तृतीय, कक्षा चौथी में चिराग प्रथम, आराध्या द्वितीय व काव्या तृतीय, कक्षा पांचवीं में जसरीत प्रथम, मिष्ठी द्वितीय व मिहिका तृतीय, कक्षा पाचवीं में रिधिमा प्रथम, शिवी द्वितीय व नव्या तृतीय, कक्षा छठी में नताशा प्रथम, केशव द्वितीय व दीक्षा तृतीय, कक्षा छठी में रयान व प्रथम को सांत्वना पुरस्कार, कक्षा सातवीं में आयुष प्रथम, विहान द्वितीय व गिरिशा तृतीय, कक्षा सातवीं में प्रियांशी प्रथम, यश द्वितीय, कक्षा आठवीं में लव्नया प्रथम, मनीष द्वितीय व अश्मित तृतीय, कक्षा आठवीं में पूर्वा प्रथम, कृतिका द्वितीय व सृष्टि तृतीय, कक्षा आठवीं में नितेश प्रथम, मयंक द्वितीय स्थान पर रहा। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रिंसिपल उदयभान राव ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पशु-पक्षियों व जानवरों को भी जीने का अधिकार है। अतः हम सबको उनका सम्मान करने के साथ सेवा भी करनी चाहिए।

# सरस्वती स्कूल में मनाया अष्टमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- बच्चों को दुर्गा अष्टमी के महत्व के बारे में बताया।

सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्या क्षमा पाण्डे की अध्यक्षता में दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षमा पाण्डे ने बच्चों को दुर्गा अष्टमी व राम नवमी के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं की छात्रा पलक ने श्रीराम के आदर्श जीवन के बारे में बताया। विज्ञान अध्यापिका मनीषा सैनी ने विद्यार्थियों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श पर चलने की प्रेरणा दी। इस मौके पर अध्यापक व प्राध्यापक मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के संचालक मुकेश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को राम नवमी की बधाई दी।


नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी महेन्द्रगढ़ में मनाया गया महानवमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में नवमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें यदुवंशी गुरप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह मुख्यातिथि, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव विशिष्ट अतिथि तथा निदेशक विजय सिंह यादव ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मां से प्रार्थना कर प्रसाद ग्रहण किया। कक्षा छठी से आठवीं कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा महिला सशक्तिकरण पर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीना सैनी, ओजस्वी, राजश्री, यशिका, सानवी, हीरल, गुंजन, दिव्या, देवयांशी, पीयूष तथा प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पीरल, कशिश, दिव्या, आराध्या, उदय, राशि, दीक्षा, पाखी, खुशी, नक्ष, प्रांजल, गीतिका, दीक्षा शर्मा, अनुराधा, हिमांशी, निशिका, यशवी तथा निधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, निदेशक विजय सिंह यादव, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने सभी विद्यार्थियों को रामनवमी पर्व पर हार्दिक बधाई दी तथा अपने संदेश में कहा कि मां भगवती अंधकार व अज्ञानता रूपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामयी, मोक्ष प्रदायनी, कल्याणकारी व शक्ति स्वरूपा हैं।


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। रवि गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

### हकेंवि में अमेजिंग आइडिया मोनेटाइजेशन का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन के द्वारा आयोजित दो दिवसीय अमेजिंग आइडिया मोनेटाइजेशन (एआईएम) कार्यक्रम की मंगलवार को शुरूआत हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को समय की आवश्यकतानुसार नवाचार के विकास के लिए प्रोत्साहित करेगा। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, आमंत्रित विशेषज्ञ प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रिंसीपल साइंटिस्ट, सेंट्रल इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट भी उपस्थित रहे। केंद्र निदेशक प्रो. आशीष माथुर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की प्रेरणा व प्रयासों से ही संभव हो सका है।

# किड्जी स्कूल में दुर्गाष्टमी पर्व कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- बालिका सम्मान व महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में दुर्गाष्टमी महापर्व पर मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए कन्या पूजन कर तिलक लगाते हुए उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। दुर्गाष्टमी पर्व मनाने का उद्देश्य मां दुर्गा के शक्ति, बुद्धि, सामर्थ्य, खुशहाली एवं संपन्नता स्वरूप से विद्यार्थियों को अवगत करवाना है। प्राचार्या विनय यादव ने विद्यार्थियों को मां भगवती की महिमा से अवगत करवाया। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव व चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि मां दुर्गा के पर्व का माहात्म्य तभी सार्थक होगा जब पूरे समाज की कन्याओं के प्रति सोच सकारात्मक होगी। जब बालिकाएं सम्मान के साथ शिक्षित होकर जीवन पथ पर आगे बढ़ेंगी तभी पूरी दुनिया में भारत के विकसित राष्ट्र का सपना भी साकार होगा। उन्होंने मां भगवती को आदि शक्ति, परम भगवती परम ब्रह्म बताया।


महेंद्रगढ़। स्कूल में पूजा अर्चना करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### श्री आदर्श रामलीला कमेटी में बैठक आयोजित

**महेंद्रगढ़।** शहर की सब्जी मंडी के नजदीक स्थित श्री आदर्श रामलीला कमेटी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र बंटी ने की। कमेटी प्रधान सुरेंद्र बंटी ने सर्वसम्मति से बैठक में प्रस्ताव पास किए। बैठक में खजांची गोविंद सैनी ने वर्ष 2023-24 का रामलीला का लेखा-जोखा पेश किया। उन्होंने सभी बिल, चंदा कॉपी मीटिंग में रखी। इस प्रकार सर्वसम्मति से वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा पास किया। जिसमें रामलीला की बचत 479638 को बैंक में जमा करके नकद बकाया शुन्य रखा गया। बैठक के दौरान दूसरा प्रस्ताव सब्जी मंडी की तरफ स्टेज की साइड में प्रथम तल पर एक बड़ा हॉल, रसोई, बाथरूम व दो कमरे लगभग 1500 वर्ग फुट एरिया में निर्माण करवाने बारे में विचार-विमर्श किया और निर्माण करवाने का प्रस्ताव कमेटी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। इस आधुनिक भव्य सुंदर निर्माण में लगभग 20 लाख खर्च का अनुमान है।

### नवरात्रों के समापन पर भंडारा व कन्या पूजन आज

**मंडी अटेली।** नवरात्रों के उपलक्ष्य पर अष्टमी के मौके पर महासर माता मंदिर में शतचंडी यज्ञ का मंगलवार को समापन हो गया। शतचंडी के मुख्य यजमान मनबीर लांबा, दीपक कुमार, गितांश लांबा, हितार्थ लांबा, जयश लांबा, अदवित लांबा रहे। शतचंडी यज्ञ का पाठ आचार्य संजय, आचार्य लालचंद व दूसरे पंडितों ने पूजन करवाया। आचार्य संजय शास्त्री ने बताया कि रामकुमार लांबा परिवार पिछले 35 वषार्ें से अपनी धर्मशाला में शतचंडी यज्ञ करवा रहे है। शतचंडी का पाठ प्रभावशाली यज्ञ व अनुष्ठान होता है, जिसमें नवरात्रि के दौरान हर दिन दुर्गा सप्तशती पाठ व मंत्र जाप की शक्ति भी शामिल है। शतचंडी हवन एक विशिष्ट पूजा और यज्ञ है। इसमें दुर्गा सप्तशती मंत्र की शक्ति है और लोग नवरात्रि के दौरान इसका जाप करते हैं।

### ध्वजा लेकर सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित विष्णु कॉलोनी से विष्णु भगवान मंदिर परिसर में पहाड़ी वाली माता के दरबार से ध्वजा लेकर माता रानी के जयकारे लगाते हुए डीजे के साथ श्रद्धालु सिद्ध पीठ मां भूरा भवानी मंदिर सिसोठ पहुंचे तथा मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर माथा टेका तथा मन्नतें मांगी। भूरा भवानी मंदिर कमेटी के प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया, उप-प्रधान विजय सिंह फोरमेन, कमेटी सदस्य मनपाल, रणधीर, राजू शर्मा, सुबेसिंह और मुकेश चौहान ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु सुबह शाम दोनों समय माता के दर्शन करने, ध्वजा चढ़ाने व पूजा अर्चना करने आ रहे है। माता भूरा भवानी के अरदास करने पर लोगों की मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। ऐसी लोगों मे मान्यता है।

## आरपीएस कॉलेज बलाना में सम्मान समारोह का आयोजन

# 350 मेधावी विद्यार्थी और 142 प्रतिभा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में वार्षिकोत्सव के साथ भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉप, विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता में टॉप, खेलों में इतिहास रचने वाली टीमों व इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में टॉप-टन करने वाले मेरिट सूची के 250 मेधावी छात्रों व आईआईटी जैम परीक्षाओं में सफल रहे 38 विद्यार्थियों व शिक्षकों व नेट व गेट परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजि. मनीष राव, कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, इंजि. डीन प्रो. राजेंद्र यादव व डिग्री कॉलेज डीन डॉ. यशपाल शर्मा रहे। डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि अनुस्मृति के तहत मंगलवार को विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। 350 मेधावी छात्रों व 52 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में अपना नाम रोशन करने वाले 250 मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शीर्ष स्थान पर रहे विद्यार्थियों, नेट व गेट में सफलता हासिल विद्यार्थी, आईआईटी जैम में सफल विद्यार्थियों, यूथ फेस्टिवल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे छात्र-छात्राओं व खेलों में राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रचने वाली अलग-अलग खेलों की टीमों को तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि सम्मान समारोह अभिभावकों की सोच, विद्यार्थियों की लग्न व शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है। कॉलेज अपनी सुदृढ़ व्यवस्था व सही समय पर लिए गए फैसलों की वजह से कॉलेज प्रतिभाएं शीर्ष स्थान पर रहकर अपने अभिभावकों के सपने साकार कर रहे हैं। डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव ने बताया कि जीवन में सफलता हासिल करने के बाद देश के हर वर्ग का सच्चे मन से व ईमानदारी लाभ दें। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षा व सफलता कठिन मेहनत का प्रतिफल हैं। विद्यार्थी सच्चे लग्न से अपने कर्तव्य मार्ग पर पढ़ता है तो सफलता अवश्य मिलती है। प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान ने कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज की प्रतिभाओं को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए पूरा कॉलेज प्रबंधन दृढ़ संकल्पित है। इस कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कनीना में दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कनीना।** बस स्टैंड के सामने एक दुकान के पास खड़ी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बारे में नवीन कुमार वासी वार्ड नंबर 13 ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी दुकान के पास स्कूटी व बाइक को खड़ा किया हुआ था। उसने बताया कि 14 अप्रैल सायं साढ़े सात बजे दुकान बंद कर स्कूटी लेकर घर चला गया।

**सूचना**

मैं, संतोष देवी पत्नी स्व. मदनलाल निवासी वार्ड नं. 14 मोहल्ला खटिकान जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पुत्र कपिल, दीपक व सोनू और उनकी पत्नियां रेखा, नतून व सुशीला मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



नारनौल। वीसी में मौजूद एडीसी दीपक बाबूलाल करवा। फोटो: हरिभूमि

### अलवर डीसी ने सीमावर्ती जिलों के साथ की वीसी

**नारनौल।** लोकसभा आम चुनाव के लिए अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिलों के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था के बनाए रखने के लिए मंगलवार को अलवर राजस्थान के उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंस की। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा मौजूद थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 19 अप्रैल को प्रथम चरण के चुनाव हैं। ऐसे सीमावर्ती जिलों में नाके लगाए जाएं, ताकि शराब की तस्करी ना हो सकें। एडीसी ने महेंद्रगढ़ जिले की तैयारियों की जानकारी दी।

### निजामपुर पुलिस ने लापता बच्चों को परिजनों को सौंपा

**नारनौल।** पुलिस ने घर से बिना बताए गए दो बच्चों को ढूंढकर परिजनों से मिलवाया है। दरअसल निजामपुर क्षेत्र में दो बच्चे मंगलवार सुबह घर से बिना बताए चले गए। बच्चे सुबह जल्दी नांगल चौधरी के गांव में मेले में जाने के लिए चले गए थे। परिजनों ने देखा तो बच्चे घर पर नहीं मिले। 112 पर कॉल कर इसकी सूचना दी। थाना निजामपुर क्षेत्र में तैनात डायल 112 की टीम व थाना निजामपुर की टीम सूचना मिलते ही तुरंत प्रभाव से बच्चों की तलाश कर करीब दो घंटे में पुलिस ने बच्चों को सकुशल लुजोता गांव से बरामद कर लिया।

### जोखीराम की स्मृति में होगा सम्मान समारोह

**नारनौल।** नंबरदार जोखीराम स्मृति समिति नीरपुर की ओर से 17 अप्रैल गांव नीरपुर के 80 साल से अधिक आयु वाले पुरुष बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रघुविन्द्र यादव करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए यादवेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शक्ति स्पोर्ट्स अकादमी नीरपुर चौक में सुबह नौ बजे किया जाएगा।



मंडी अटेली। गणियार में पत्रकारवार्ता में अपने विचार रखते अभिजीत राव।

### दादा की कर्मभूमि को ही बनाएंगे अपनी कर्मभूमि

**मंडी अटेली।** रामपुरा हाउस के मंझले राजकुमार राव अजीत सिंह के बेटे अभिजीत राव ने कहा कि वह अटेली उनके दादा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राव बिरेन्द्र सिंह की कर्मभूमि है। अगर वे राजनीति में उतरने हैं तो अटेली को ही अपनी कर्मभूमि बनाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी वे किसी पार्टी को नहीं चुना है। आने वाला समय तय करेगा कि वे किस पार्टी में शामिल होंगे। राव अभिजीत राव गांव गनियार में अपने समर्थक रणसिंह के आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। आने वाले समय में वे जल्द ही कोई बड़ा राजनीति निर्णय लेंगे। वे लगातार कार्यकर्ताओ के संपर्क में है। कार्यकर्ताओं से सलाह लेकर ही निर्णय करेंगे।

# स्टेट पर हाइवे के मुख्य चौराहों पर सर्कल नहीं होने के कारण हो सकता है बड़ा हादसा

- शहर में नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे नंबर 148 बी पर केवल तीन जगह दिए गए है कट, किसी भी चौराहों पर नहीं बनाया गया सर्कल
- स्टेट हाईवे पर तेजी से गुजरते है वाहन, चौराहों पर सर्कल नहीं होने के कारण बना रहता है हादसा होने का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नारनौल दादरी स्टेट हाईवे 148 बी का निर्माण होने के बाद कई जिलों के लोगों को राहत मिली हैं। वहीं शहर के मुख्य चौराहों पर सर्कल नहीं होने से हादसा का भी डर बना रहता हैं। बता दें कि नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे 148 बी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका हैं। केवल रिवासा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अधूरा रह गया हैं। प्रतिदिन शहर के स्टेट हाईवे से करीब 10 हजार वाहन गुजर रहे हैं। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वाहनों की स्पीड़ काफी तेज होती हैं। शहर के मुख्य चौराहों पर सर्कल नहीं होने के कारण वाहनों की क्रॉसिंग के समय काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। वहीं वाहनों की रफ्तार अधिक होने के कारण हादसा होने का भी डर बना रहता हैं। इसके अलावा शहर के अंदर कट की संख्या कम होने के कारण भी लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। शहर के लोगों द्वारा लगातार मांग उठाने के बावजूद भी अधिकारियों की ओर से अनसुनी की जा रहीं हैं। लोगों का कहना है कि अधिकारी कोई बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं।

### शहरवासियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

समाजसेवी रामनिवास पाटौदा का कहना है कि स्टेट हाईवे के साथ काफी संख्या में लोग रहते हैं। इसके अलावा करीब आधा दर्जन गांव भी लगते हैं। शहर के अंदर स्टेट हाईवे पर कट की संख्या काफी कम हैं। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। लोगों की परेशानी को देखते हुए कट की संख्या बढ़ानी चाहिए।





महेंद्रगढ़। फ्लाईओवर के नीचे सर्कल नहीं बना होने के कारण लगा जाम तथा सतनाली चौक पर सर्कल नहीं होने के कारण वाहनों की लगी कतार। फोटो: हरिभूमि

**रिवासा फ्लाईओवर के समीप होती है ज्यादा समस्या:** महेंद्रगढ़ से रेवाड़ी आने जाने वाले वाहनों को सर्कल नहीं होने के कारण सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। रिवासा फ्लाईओवर का निर्माण होने के बाद दोनों तरफ काफी जगह रह गई हैं। जगह कम होने के कारण फ्लाईओवर के साइड केवल एक वाहन निकल सकता हैं। वहीं बस सहित अन्य बड़े वाहनों को फ्लाईओवर पर चढ़ने तथा उतरने में काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। इसके अलावा शहर के राव तुलाराम चौक, सतनाली चौक व कैंची मोड़ में सर्कल नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं।

### गांव की तरफ बची कम जगह

समाजसेवी कुलदीप यादव का कहना है कि रिवासा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद गांव सिसोठ की तरफ जगह काफी कम रह गई हैं। बड़े वाहनों को फ्लाईओवर पर चढ़ने-उतरने पर काफी समस्या उठानी पड़ रहीं हैं। स्टेट हाईवे पर वाहनों की रफ्तार अधिक होने के कारण भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। इसलिए रिवासा फ्लाईओवर सहित शहर के मुख्य चौराहों पर सर्कल का निर्माण होना अति आवश्यक हैं।

### कट की संख्या बढ़ाना जरूरी

श्रीकृष्णा ग्रुप के सीईओ कर्मबीर राव का कहना है कि स्टेट कट कम होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होगी। वहीं सर्कल का ना होने से हादसे का ड़र बना रहता हैं। राव तुलाराम चौक से उनके स्कूल काफी बसें गुजरती हैं। स्टेट हाईवे से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार काफी अधिक होती हैं। उनके द्वारा लिखित में स्टेट हाईवे से जुडी समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### हादसों को निमंत्रण

समाजसेवी नवीन राव का कहना है कि स्टेट हाईवे का निर्माण होने के बाद तेजी से वाहन गुजर रहे हैं। शहर के मुख्य चौराहों पर सर्कल नहीं हैं। चौराहों पर क्रॉसिंग के समय हादसा होने का ड़र बना रहता हैं। चौराहों पर सर्कल होना जरूरी है नहीं तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता हैं।

## अनाज मंडी में 21 अप्रैल को सीएम की रैली, तीन दिन खरीद रह सकती है बंद

# नांगल मंडी में किसानों की 2.60 लाख सरसों के बैग एमएसपी पर खरीदे, पांच हजार टोकन पेंडिंग

- खरीद के अंतिम सप्ताह में किसानों की मारामारी रहने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

समर्थन मूल्य पर बीते 18 दिनों से सरसों की खरीद चल रही है। 6940 किसानों की 2.60 लाख से अधिक बैग खरीदे जा चुके हैं, लेकिन अब मंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की चुनावी रैली निर्धारित हो गई है। ऐसे में सुरक्षा कारणों के चलते प्रशासन को तीन दिन तक खरीद प्रक्रिया बंद रखनी पड़ सकती है। एक मई को खरीद बंद करने का शेड्यूल है, ऐसे में खरीद के अंतिम सप्ताह में किसानों की मारामारी रह सकती है। गौरतलब है कि अच्छा भाव होने के कारण नांगल चौधरी ब्लॉक के 12675 किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सरसों बिक्री का पंजीकरण करवाया था। बीते 18 दिनों में विभिन्न गांवों के 6940 किसानों के 2.60 लाख बैग सरसों परचेज कर लिए हैं। एक मई को खरीद प्रक्रिया क्लोज करने का शेड्यूल है, जिससे सभी पंजीकृत किसानों को सुविधा पूर्वक सरसों बिक्री होने की उम्मीद थी, लेकिन इसी बीच मंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की चुनावी जनसभा निर्धारित हो गई है। वीआईपी सुरक्षा कारणों के चलते अनाज मंडी ही सुरक्षित विकल्प है। इसलिए प्रशासनिक स्तर पर मंडी में रैली आयोजन की तैयारियां आरंभ कर दी है। एजेंसी ने मंडी के एक टीनशेड को खाली करवाने की योजना बनाई है। इसलिए कम से कम तीन दिन खरीद बंद करनी पड़ेगी साथ ही लिफ्टिंग की रफ्तार भी बढ़ानी होगी। 22 अप्रैल से दुबारा खरीद प्रक्रिया शुरू होती तथा एक मई तक परचेज की जाएगी। अंतिम दस दिनों में करीब पांच हजार किसानों को समर्थन मूल्य पर सरसों बेचनी है। ऐसे में पहले बारी लेने की चाहत में मंडी में मारामारी रहने की चर्चाएं हैं।



नांगल चौधरी। सरसों बिक्री के लिए मार्केट कमेटी के कार्यालय में टोकन रिलीज करवाते किसान। फोटो: हरिभूमि

### मंडी में सीएम की जनसभा तय, बंपर आवक को देखते हुए एक टीनशेड करवाएंगे खाली

मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि दो दिनों से बंपर आवक हो रही है, लेकिन इसी बीच मंडी में सीएम की जनसभा तय हो गई, इसलिए एक टीनशेड को खाली करवाने की योजना है। मंडी में लिफ्टिंग की रफ्तार भी बढ़ाई जाएगी, ताकि जनसभा के दौरान अव्यवस्था नहीं रहे। उन्होंने बताया कि करीब पांच हजार किसानों की खरीद पेंडिंग है, जो सुविधा अनुसार खरीद लिया जाएगा।



सतनाली मंडी। अनाज मंडी में लगा गेहूं का ढेर। फोटो: हरिभूमि

### सतनाली अनाज मंडी में सरसों और गेहूं की खरीद जारी

**सतनाली मंडी।** अनाज मंडी में खरीद एजेंसी की ओर से सरसों व गेहूं की खरीद जारी है। मंडी में खरीदी गई फसल की पैकिंग व उठान कार्य भी तेजी से जारी है। मार्केट कमेटी से ऑक्सन रिकॉर्डर संदीप कुमार ने बताया कि अनाज मंडी में सरसों खरीद का कार्य खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से शुरू किया गया था जिसका उठान करवाया जा रहा है। अब मंडी में खरीद एजेंसी वेयर हाउस की ओर से सरसों व गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार तक वेयर हाउस की ओर से लगभग 28 हजार सरसों क्विंटल सरसों व नौ हजार 188 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है तथा उठान कार्य जारी है। अनाज मंडी में फसल की आवक ज्यादा होने से खरीद के साथ पैकिंग व उठान कार्य भी तेजी से जारी है।

### कनीना अनाज मंडी को छोड़कर दूसरी किसी मंडी में नहीं कटेंगे टोकन

- आज केवल पहले कटे टोकन से होगी खरीद

**नारनौल।** मंडियों में सरसों की अधिक आवक होने व उठान कार्य में तेजी लाने के लिए 17 अप्रैल को कनीना मंडी को छोड़कर जिले की अन्य किसी भी मंडी में टोकन नहीं काटे जाएंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि मंडियों में सरसों की अधिक आवक होने के कारण कनीना मंडी को छोड़कर जिले की किसी भी मंडी में फसल खरीद के लिए नए टोकन जारी नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को केवल पहले से कटे हुए टोकन वाले किसानों की फसल खरीद की जाएगी व उठान कार्य किया जाएगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इस दिन अपनी फसल को लेकर मंडियों में ना आएं।



मंडी अटेली। अनाज मंडी में सरसों की बोरियों से लदे ट्रैक्टरों व पिकअप की लगी लंबी कतारें। फोटो: हरिभूमि

### अटेली की मंडी में मंगलवार को सरसों खरीद को लंबी कतारें

- मंडी में एक दिन में 1050 टोकन कटे, जो अब तक के सबसे ज्यादा थे, शाम 7 बजे बाद भी टोकन कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

रबी सीजन 2023-24 का अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद जारी है। अटेली मंडी में नैफेड एजेंसी का खरीद का टारगेट के बाद सरसों की कर्मिशयल खरीद के साथ मंडी में गेहूं की खरीद जारी है। मंडी में मंगलवार को स 920 गेट पास टोकन कटे तथा 13 हजार क्विंटल सरसों की आवक हुई। मंडी में अभी तक एक लाख 40 हजार क्विंटल की आवक हो चुकी है। मंडी में एक दिन में 1150 टोकन कटे, पिछले दो दिनों से एक हजार से अधीक टोकन कट रहे है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रालियों की कतारें नारनौल व रेवाड़ी की दोनों तरफ लगी रहने से पुलिस कर्मियों के साथ मार्केटिंग कर्मियों ने काफी मशक्कत करनी पड़ी। मार्केट कमेटी की कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव सुनीता फौगट व सहायक सचिव संजय कुमार टोकन काटने के लिए रोड पर तैनात रहे। मंडी में पिछले एक सप्ताह से गेहू की खरीद हो रही है जिसमें अभी तक 1367 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक ने सत्येंद्र यादव ने बताया कि नैफेड के लिए एक लाख 11 हजार 528 क्विंटल सरसों की खरीद हुई थी। 20 हजार बैग का उठान हो चुका है तथा नैफेड के द्वारा खरीद गई सरसों का उठान हो चुका है। जिसमें 90 प्रतिशत का उठान होने के साथ 80 प्रतिशत किसानों की पेमेंट भी हो गई है। मंडी में गेहूं की न्यूनतम समर्थन 2275 रुपए के मूल्य से खरीद जारी है। मार्केट कमेटी सचिव सुनीता फोगाट ने बताया कि मंडी नैफेड की खरीद का कोटा पूरा होने के बाद अब कर्मिशयल खरीद आढ़तियों के माध्यम से हो रही है। खरीद में सहायक सचिव संजय, हैफेड के परचेजर बलजीत, पंकज सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर रवि ने खरीद में व्यवस्था बनाई। अटेली में 31484 रकबे में 10716 किसानों ने पंजीकरण करवाया हुआ है। मंडी में पिछले वर्ष एक लाख 24 हजार क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद हुई थी।

### कनीना की अनाज मंडी में आज खरीदी जाएगी 12 गांवों के किसानों की सरसों

**कनीना।** मार्केट कमेटी की सचिव नुकूल यादव ने बताया कि नई अनाज मंडी मे स्टेट वेयर हाउस की ओर से 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरसों की खरीद की जा रही है। जिसे वेयर हाउस के गोदाम में रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को 12 गांव कनीना, ककराला, कोटिया, दौंगड़ा अहीर, गाहड़ा, ईसराना, कपूरी, करीरा, कलवाड़ी, सेहलंग, कोका, कोटिया गांव की सरसों खरीदी जाएगी। इसी प्रकार 18 अप्रैल को खेड़ी, नांगल, पड़तल, पाथेड़ा, रामबास, रसूलपुर, सिहोर, सुदंरह, तलवाना, उन्हाणी गांव के किसानों की सरसों खरीदी जाएगी।



कनीना। यदुवंशी स्कूल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### मंडियों में गेहूं और सरसों भीगने से किसान परेशान

- उन्हानी स्कूल बस हादसे में ना अब तक घायलों को राहत राशि मिली, ना ही जांच सही हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि मौजूदा हरियाणा सरकार की किसानों के प्रति सोच पॉजिटिव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मंडियों में किसानों की हालत सबके सामने है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरसों में नमी के नाम पर 300 रुपये तक किसानों के काटे जा रहे है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे खरीद केंद्रों पर अब तक गेहूं की खरीद शुरू नहीं होने से किसान परेशान है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि गेहूं का उठान नहीं होने के कारण मंडियों में फसल बेचने के लिए किसानों की लाइनें लगी हुई है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल के समय की गांव भैंसवाल की मंडी को भी बंद कर दिया गया है, इन सब हालातों के बीच गेहूं खरीद पर मुख्यमंत्री नायब सैनी चुप है, केवल अधिकारी बयान देकर लीपापोती ही कर रहे है। मंगलवार को दुष्यंत चौटाला महेंद्रगढ़ दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि क्या मुख्यमंत्री की गेहूं खरीद को लेकर कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। उन्होंने कहा कि अगर यही हालात प्रदेश के रहेंगे तो पंजाब में जैसे छह महीने मुख्यमंत्री रहते हुए पंजाब के हाल हुए थे, उससे ज्यादा खराब हालत हरियाणा में हो जाएगी।

#### पूर्व डिप्टी सीएम बोले

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जेजेपी लोकसभाओं में विधानसभा अनुसार पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर रही है और जेजेपी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि रबी सीजन समाप्ति की ओर है, ऐसे में जेजेपी गांवों के कार्यक्रमों को गति देगी, अगले 10-15 दिनों में हर गांव तक जेजेपी अपने प्रचार अभियान को पहुंचाएगी। प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सभी जिम्मेदार पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष की जरूरत के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष से चर्चा की जाएगी और कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी किसी दो नेताओं को दी जा सकती है। विरोध के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस और इनेलो सोची-समझी साजिश के तहत जेजेपी नेताओं का विरोध कर रही है और इनकी पोल भी खुल रही है, क्योंकि विरोध करने वाले कांग्रेस और इनेलो के पदाधिकारी हैं। जिनके भूपेंद्र हुड्डा के साथ पोस्टर भी सामने आएं है।




कनीना। कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### एनएच 152-डी पर कट की मांग को लेकर धरना जारी

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 401वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र शास्त्री छितरोली ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली की वजह से कट निर्माण कार्य अटका पड़ा है। संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, सतपाल सिंह, विजयपाल, रामकिशन, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, धर्मपाल सिंह, मुंशीराम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सूबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेरसिंह मौजूद रहे।

## डीसी ने सुनीं 25 नागरिकों की शिकायतें, अधिकारियों को दिए निर्देश

# पाली गांव की सड़क से हटेगा अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शहर के प्रशासनिक भवन में लगे अपने कैंप कार्यालय में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर उन्होंने लगभग 25 शिकायतें सुनी, जिनमें से अधिकतर का मौके पर निपटारा किया। शेष शिकायतों को उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भेज कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पाली गांव के सरपंच की सड़क निर्माण में रुकावट हटवाने के मामले में उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मांग करें और तुरंत प्रभाव से नाले में डाली गई मिट्टी को हटाएं और सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाए। इसके अलावा मेघनवास सहित कई अन्य ग्रामीणों ने रास्ते पर अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें रखी। इसके अलावा बिजली-पानी सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी गई जिन पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग से मौके पर ही बुलाकर जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम संजीव कुमार, बीडीपीओ स्वाति अग्रवाल, बीईओ अलका लांबा, कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, एसईपीओ कृष्णपाल व प्रवीन कुमार, डीसी रीडर सुनील जांगड़ा, बिजली निगम से हिमांशु जांगड़ा, क्रिड विभाग से अनीता सैनी व रवि तंवर बसई, महिला एवं बाल विकास विभाग से संदीप कुमार, बागवानी विभाग से सहीराम व जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप कुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।





महेंद्रगढ़। नागरिकों की शिकायतें सुनती उपायुक्त मोनिका गुप्ता तथा नारनौल में वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद उपायुक्त मोनिका गुप्ता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### लोकसभा आम चुनाव: प्रशासन मतदाता जागरूकता व चुनावों के बेहतर प्रबंधन पर कर रहा फोकस

**नारनौल।** लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं डीसी मोनिका गुप्ता के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सिटिजन फ्रेंडली अप्रोच से बेहतर मतदाता सेवाएं उपलब्ध करवाने को कृत-संकल्प है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण की तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को कतार में लगे मतदाताओं की जानकारी देने के लिए क्यू मैनेजमेंट एप के लिए बीएलओ को प्रशिक्षण दे दिया गया है।



नारनौल। ओलंपिक क्लब हाल का निरीक्षण करती डीसी मोनिका गुप्ता।

### डीसी ने बैलेट पेपर मतगणना के लिए किया ओलंपिक क्लब हाल व सभागार का निरीक्षण

**नारनौल।** भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव-2024 में बैलेट पेपर मतगणना के लिए ओलंपिक क्लब हाल व लघु सचिवालय के नजदीक सभागार का निरीक्षण किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005